हमें अपने जीवन को कैसे मापना चाहिए?

बदी शम्स

अत्यंत सौम्य और नेक स्वभाव वाले मेरे 33-वर्षीय भतीजे – जो मेरी बहन का इकलौता बेटा था, जिसकी अभी-अभी शादी हुई थी और जो मुझे बहुत प्रिय था – की दुःखद मृत्यु ने मुझे इतनी कम उम्र में उसकी मृत्यु के अर्थ को समझने का प्रयास करने की चुनौती दी।

उसके असामयिक निधन ने मुझे न केवल मृत्यु के सत्य के बारे में सोचने पर मजबूर किया, बल्कि मनुष्य द्वारा निर्मित दिनों और वर्षों के मापक उपकरणों से हमारे जीवन के मूल्य को तौलने की अवधारणा के बारे में भी सोचने पर मजबूर किया।

जब कुछ लोग दूसरों की अपेक्षा शीघ्र इस भौतिक दुनिया को छोड़ कर चले जाते हैं तो हम इसे दुखद मानते हैं। लेकिन मुझे लगा कि इस भौतिक अस्तित्व के संसार में उन्होंने जो छोटे-से वर्ष बिताए थे उन्हें गिनने के बदले क्या हमें इस बात पर ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहिए कि जब वे जीवित थे तो उन्होंने अपने समय का उपयोग कैसे किया?

मनुष्य ने समय की अवधारणा की खोज पृथ्वी के घूमने के आधार पर की। हमने उसे एक दिन कहा, और जब पृथ्वी सूर्य के चारों ओर एक चक्कर पूरा कर लेती है तो हम उसे एक वर्ष कहते हैं। फिर हमने अपने जीवनकाल को मापने के लिए उन्हीं चक्करों का इस्तेमाल किया। इस प्रकार समय पृथ्वी पर हमारे जीवन की अवधि को गिनने का एक ठोस साधन बन गया। यह अपने उद्देश्य को अच्छी तरह से पूरा करता है। लेकिन हमारे जीवनकाल के संदर्भ में इस बात पर जोर देने के पीछे यह धारणा निहित है कि अधिक वर्ष जीना ही जीवन का लक्ष्य है।

लेकिन जब मैं बहाई शिक्षाओं को पढ़ता और अध्ययन करता हूं तो मैं यह नहीं मानता कि ईश्वर भी इसी दृष्टि से देखता है या समय से बंधे हुए दृष्टिकोण से हमारा मूल्यांकन करता है।

बहाई धर्म के अवतार और संस्थापक बहाउल्लाह अपनी पुस्तक *"निगूढ़ वचन"* में हमें हमारे जीवन की लघुता के बारे में याद दिलाते हैं और यह कि अपनी शारीरिक मृत्यु की घड़ी आने से पहले हम अपने दूसरे जन्म की तैयारी कैसे करें:

...अतः, अपने जीवन के शेष दिनों को जो एक भागते हुए निमेष से भी कम हैं, अपने शुद्ध मन, अपने अकलुषित हृदय, अपने पवित्र विचारों और अपने पावन स्वभाव के साथ बिता, ताकि तू स्वतंत्र और संतृप्त होकर इस नश्वर ढांचे को त्याग सके और रहस्यमय स्वर्ग में प्रवेश कर अनंत काल के लिए शाश्वत लोक में बस जाए।

आधुनिक समय में हमारे द्वारा जीवन के भौतिक पक्ष पर ज्यादा जोर दिए जाने के कारण मनुष्य हमारे जीवन के मात्रात्मक पहलू को मापने के साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित हुआ है जिससे मानव जाति की उलझन बढ़ गई है और आध्यात्मिक मूल्यों की कीमत पर भौतिक मूल्यों को स्वीकार कर लिया गया है। लेकिन वास्तविकता क्या है? हमारे जीवन के वर्षों की संख्या से आध्यात्मिक और पूर्ण जीवन की गारंटी नहीं मिलती – यह केवल आध्यात्मिक आदर्शों के प्रति हमारे आंतरिक जीवन की प्रतिबद्धता से ही संभव है।

बहाई शिक्षाएं इस विचार की पुष्टि करती हैं। अब्दुल-बहा ने हमें बताया है कि हमारे पास अपनी भौतिक आवश्यकताओं को पूरा करने से भी कहीं ऊंचे उद्देश्य हैं।

उसके अस्तित्व का काल अनंत फलों, स्वर्गिक चिह्नों या प्रकाश का आस्वाद लिए बिना -- आध्यात्मिक क्षमता, अनन्त जीवन या मानव जगत में उसकी तीर्थयात्रा के दौरान उसके लिए उद्दिष्ट उच्च उपलब्धियों को प्राप्त किए बिना -- केवल खाने, पीने और सोने में ही बीत जाएगा।

इसलिए उनके बेटे की मृत्यु के बाद, अपनी बहन को सांत्वना देने के लिए, मैंने उन आत्माओं के बारे में अपनी समझ उनके साथ साझा की जो जल्द ही इस दुनिया से चली जाती हैं। मैं इस दुनिया को एक परीक्षा-भूमि के रूप में देखता हूं - सीखने की एक पाठशाला के रूप में जिसके आध्यात्मिक शिक्षक उन रास्तों का निर्धारण करते हैं जिन पर हम सर्वोत्तम रीति से चल सकते हैं। वे महान शिक्षक – अवतार और संदेशवाहक जिन्होंने दुनिया के महान धर्मों की स्थापना की - हमें उन चीजों का अध्ययन और अभ्यास करने में मदद करते हैं जो हमने सीखी हैं, इस ज्ञान के साथ कि हमारे पार्थिव जीवन के अंत में, एक अगली दुनिया होगी, एक आध्यात्मिक अस्तित्व हमारा इंतजार कर रहा होगा।

मैंने अपनी बहन से कहा कि शायद उनका बेटा पढ़ाई में अव्वल रहा होगा, क्योंकि वह एक नेक और निर्दोष व्यक्ति था, और ईश्वर ने सोचा होगा कि अब उसके स्नातक होने का समय आ गया है, इसलिए उन्होंने उसे अगली कक्षा में भेज दिया जबकि हम वहीं रह गए, क्योंकि हमें आगे बढ़ने से पहले अभी और अधिक काम करने की आवश्यकता थी। साथ ही, मैंने अपनी बहन को बहाई शिक्षाओं से यह अंश भेजा, जिसे अब्दुल-बहा ने एक महिला को लिखा था क्योंकि उसने भी अपने छोटे बेटे को खो दिया था:

उस प्रिय युवक की मृत्यु से तुमसे जो वियोग हुआ है, उससे अत्यन्त दुःख और शोक उत्पन्न हुआ है, क्योंकि वह कच्ची उम्र में और युवावस्था के उत्कर्ष के समय ही अपने स्वर्गिक निविड़ की ओर चल पड़ा।

लेकिन हमारी सांत्वना इस बात में निहित है कि वह इस दुःख भरे आश्रय से मुक्त हो गया है, और उसने अपना मुखड़ा प्रभु-साम्राज्य के शाश्वत नीड़ की ओर मोड़ लिया है; वह इस अंधकारमय, संकीर्ण संसार से मुक्त हो गया है तथा शीघ्रता से प्रकाश के पावन परिसर की ओर बढ़ चला है।

ऐसी हृदय-विदारक घटनाओं के पीछे गूढ़ दिव्य ज्ञान छिपा है। यह ऐसा है कि जैसे कोई दयालु माली किसी ताजा और कोमल पौधे को एक संकीर्ण स्थान से किसी विशाल क्षेत्र में स्थानांतरित कर देता है। यह स्थानांतरण उस पौधे के मुरझाने, क्षीण होने या नष्ट होने का कारण नहीं है, बल्कि यह उसे बढ़ने और फलने-फूलने, ताजगी और कोमलता प्रदान करने तथा हरियाली और फल प्रदान करने का कारण बनता है। यह गुप्त रहस्य माली को अच्छी तरह से पता है, जबकि जो लोग इस कृपा से अनभिज्ञ हैं वे मानते हैं कि माली ने क्रोध और आवेश में पौधे को उखाड़ दिया है। लेकिन जो लोग जानते हैं, उनके लिए यह गुप्त तथ्य स्पष्ट है और इस पूर्वनियत आदेश को एक कृपा माना जाता है।

बहाई शिक्षाओं में निहित गहन प्रज्ञा से ऐसा लगता है कि जरूरी नहीं कि मृत्यु कोई बुरी चीज हो, क्योंकि हम सभी को मरना है। साथ ही, हमारे जीवन का माप पृथ्वी द्वारा सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाने की संख्या से नहीं किया जाता बल्कि इस बात से कि हम ईश्वर द्वारा प्रदत्त जीवन रूपी उपहार के साथ क्या करते हैं।

यह अनुभूति मुझे एक ऐसे युवक के साथ बातचीत से हुई जो कई साल पहले एक उपचार केंद्र में, जहां मैं काम करता था, अपराधियों के एक समूह से बात करने आया था। उसने नशीली दवाओं से होने वाले नुकसान के बारे में बात की, जबकि वह स्वयं एड्स से पीड़ित था और उसके पास जीने के लिए बस कुछ महीने ही बचे थे।

उसके व्याख्यान के बाद, मैंने उससे पूछा कि वह अपनी आसन्न मृत्यु से कैसे निपट रहा था, कैसा महसूस कर रहा था? उसने कहा कि वह कई सालों तक सड़क पर रहने वाला एक इंट्रावेनस ड्रग एडिक्ट था और अगर उसे एड्स नहीं होता तो यह सिलसिला जारी रहता। उसने मुझे बताया कि इसलिए इन कुछ बचे हुए महीनों के बदले उसे दुनिया की कोई चीज़ नहीं चाहिए, बल्कि वह दूसरों को ऐसी गलतियां न दोहराने में मदद करेगा। उसने महसूस किया था कि हम कितने वर्ष जीवित हैं, यह संख्या महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि यह कि हम उनका उपयोग कैसे करते हैं।

अब्दुल-बहा ने हमें समझाया है कि हमें अपने छोटे जीवन में किस बात पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए:

इस धरती पर मनुष्य के जीवन के क्षणभंगुर घंटे तेजी से बीत जाते हैं और जो थोड़ा सा समय शेष है वह भी समाप्त हो जाएगा, लेकिन जो सदैव बना रहता है वह उस परिणाम के रूप में है जो मनुष्य ईश्वर की दहलीज पर अपनी दासता से प्राप्त करता है।

मुझे पता नहीं है कि मेरी बहन, जो मुझसे दूर, कई महाद्वीपों के पार रहती है, को सांत्वना देने के मेरे प्रयास सफल हुए या नहीं। लेकिन उन प्रयासों ने मुझे आध्यात्मिक दुनिया की अपनी यात्रा की तैयारी के लिए शेष बचे वर्षों के बारे में सोचने पर मजबूर कर दिया, जहां समय की अवधारणा का एक बिल्कुल अलग अर्थ है।